जनपद न्यायालय, मीरजापुर।

कार्यालय नजारत अनुभाग,

सार्वजनिक नीलामी की सूचना

जनपद न्यायालय, मीरजापुर परिसर में एक चिलबिल का पेड़ गिरा हुआ जिसकी गोलाई 2.90 मी0 है एवं अशोक व नीम की डाल लगभग 4 कुन्तल लकड़ी को नीलामी की सूचना दिनांक 25.08.2020 को होने हेतु प्रकाशित किया गया था किन्तु कतिपय कारणों से उपरोक्त नीलामी उक्त तिथि को सम्पन्न नही हो सकी। अतः उक्त नीलामी दिनांक 04.09.2020 को जनपद न्यायालय, मीरजापुर के मीटिंग हाल में सायं 4.00 बजे सम्पन्न की जायेगी। जिनकी धरोहर की धनराशि जमा है वह वापस लेना चाहे तो ले सकते है। यदि उक्त बोली में भाग लेना चाहता है तो पूर्व में जमा धनराशि के आधार पर ले सकता हैं।

नीलामी निम्न शर्तो के अधीन होगी–

1. प्रत्येक बोली दाता को केन्द्रीय परिसेवी, मीरजापुर के यहाँ दिनांक 02.09.2020 को मु0 5000.00 रू0 की धरोहर धनराशि नीलामी के पूर्व जमा करेगा।
2. उच्चतम बोली की बिड अनुमोदित किये जाने के पश्चात बोली का सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा एवं शेष बोली धरोहर धनराशि अविलम्ब वापस की जायेगी।
3. उच्चतम बोली स्वीकार किये जाने के उपरान्त धरोहर धनराशि वापस नही की जायेगी।

चिलबिल का पेड़, अशोक व नीम की डाल का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजीर से सम्पर्क करके किया जा सकता है। केन्द्रीय नाजिर निरीक्षण कराने के पूर्व समिति के किसी सदस्य को इसकी सूचना देंगे।

27/08/2020 27/08/2020 27/08/2020

(यज्ञेश चन्द्र पाण्डेय)	(जितेन्द्र मिश्रा)	(अनिल कुमार यादव)
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
अपर जनपद न्यायधीश/	अपर जनपद न्यायधीश/	अपर जनपद न्यायधीश,
त्वरित न्यायालय–द्वितीय,	त्वरित न्यायालय–प्रथम,	न्याय कक्ष संख्या–5,
मीरजापुर।	मीरजापुर।	मीरजापुर।

प्रतिलिपि–

1. उक्त नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय, मीरजापुर, जिलाधिकारी, मीरजापुर एवं नगर पालिका परिषद, मीरजापुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।
2. जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर को समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
2. सिस्टम अधिकारी, जनपद न्यायालय, मीरजापुर निविदा की सूचना को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय, मीरजापुर के वेबसाइड पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।